राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–148/2023

भगवद्गीता वर्तमान की समस्याओं के समाधान की राह दिखाती है –राज्यपाल

पटना, 28 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में डॉ० अरूण कुमार जायसवाल द्वारा लिखित पुस्तक 'जीवन गीता –भगवद्गीता में ज्योतिष विज्ञान' (खण्ड 1 व 2) का विमोचन किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भगवद्गीता का हमारे जीवन में अहम स्थान है। वर्तमान समय में विश्व अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनके समाधान के लिए गीता हमें राह दिखाती है।

राज्यपाल ने कहा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण कर्म का संदेश देते हैं। गीता के अनुसार हमें हताशा और दुर्बलता के साथ घर में नहीं बैठकर समस्याओं से डटकर मुकाबला करना है। भगवद्गीता हमें अमर्यादित आचरण, कुविचारों और बुराइयों के विरूद्ध खड़ा होने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि इस ग्रंथ को सिर्फ पढ़ने की ही नहीं, बल्कि जीने की भी आवश्यकता है।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, 'जीवन गीता' पुस्तक के लेखक डॉ० अरूण कुमार जायसवाल, इसकी संपादक श्रीमती लीना सिन्हा तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....